पुलिस पर जानलेवा हमला करने वाली एस्कॉर्ट गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

पिछले डेढ़ महीने से फरार दोनों बदमाश जयपुर शहर के पॉश इलाके में गेस्ट हाउस लेकर फरारी काट रहे थे

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मुरलीपुरा पुलिस ने हत्या की कोशिश के मामले में फरार एस्कॉर्ट गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। फरार दोनों बदमाशों ने पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला कर कार चढ़ाने का प्रयास किया था। पिछले डेढ़ महीने से फरार दोनों बदमाश जयपुर शहर के पॉश इलाके में गेस्ट हाउस लेकर फरारी काट रहे थे। पुलिस पूर्व में एस्कॉर्ट गैंग की सात युवतियों सहित दस लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। एस्कॉर्ट गैंग के फरार बदमाश दीपक मीणा (22) पुत्र रामस्वरूप मीणा निवासी मौजमाबाद दूदू और कैलाश चन्द डूडी (27) पुत्र हीरालाल डूडी निवासी दांतारामगढ़ सीकर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना इलाके में आरोपित 27 सितम्बर की सुबह तीन युवतियों को लेकर मुरलीपुरा इलाके में गए थे। इस दौरान आरोपियों ने एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर दस हजार रुपए पहले देने की मांग की। रुपए नहीं देने पर एस्कॉर्ट गैंग के बदमाशों ने डंडे से एक युवक पर

- **पुलिस पूर्व में इस गैंग की 7 युवतियों सहित 10 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी**

हमला कर दिया था। फिर फरार हो गए। गंभीर हालत में घायल युवक को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था।

साथ ही पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी का पता चलने पर दोनों बदमाश फरार हो गए थे। पुलिस से बचने के लिए दोनों बदमाश उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में छिपते हुए घूमते रहे। कुछ समय बाद जयपुर के पॉश इलाके में गेस्ट हाउस लेकर फरारी काटने लगे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दोनों फरार बदमाश दीपक मीणा और कैलाश चन्द डूडी को गिरफ्तार किया।

गौरतलब है कि मुरलीपुरा थाना इलाके में 27 सितंबर को सुबहएस्कॉर्ट सर्विस बुकिंग के नाम पर कार में आए लड़कों और लड़कियों ने रुपए लेकर दो लड़कों से मारपीट की थी। मुरलीपुरा पुलिस ने हालत गंभीर होने पर एक युवक को प्राइवेट हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती करवाया था।बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। 28 सितंबर को 200 फीट बाइपास अजमेर रोड पर कुछ जगहों की तलाशी ली गई। पता चला कि कमलेश शर्मा निवासी कमला नेहरू नगर भांकरोटा और दीपक मीणा नाम के व्यक्ति अन्य राज्यों से लड़कियों को एस्कॉर्ट सर्विस बुकिंग कराने के काम के लिए लेकर आते हैं।

एस्कॉर्ट सर्विस के साथ लोगों को लूटते भी है। इस पर बोगस ग्राहक बनाकर दो पुलिसकर्मियों को भेजा गया था। मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करने पर फोटो भेजी गई थी। बोगस ग्राहक बने पुलिसकर्मियों से डील तय होने पर आरोपी गांधीपथ स्थित एक होटल से लड़कियों को स्विफ्ट कार में लेकर आए थे। बातचीत के दौरान बदमाश बोगस ग्राहक बने पुलिसकर्मियों से रुपए छीनकर भाग गए थे। पुलिस टीम के पीछा करने पर बदमाशों ने जानलेवा हमले का प्रयास किया था। आरोपी बदमाश ने पुलिस की प्राइवेट नंबर कार पर अपनी स्विफ्ट कार चढ़ाने की कोशिश की थी। पुलिस की ओर से हवाई फायर किया गया। इसके बाद बदमाश फरार हो गए थे। 200 फीट बाईपास पर बदमाशों की स्विफ्ट कार मिली। इसके बाद करणी विहार पुलिस ने होटल उमराव हवेली पर दबिश दी थी।

होटल के मैनेजर विवेक धाबाई और रिसेप्शनिस्ट सोनू कुमार बैरवा से पूछताछ की थी। पूछताछ में सामने आया कि गैंग का सरगना कमलेश शर्मा और दीपक मीणा एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर बुकिंग लेते हैं। बाहर से लाई लड़कियों को कैलाश चंद, प्रधान गुर्जर और मुकेश चौधरी ड्राइवर के रूप में बाहर लेकर जाते थे। होटल में सर्च करने पर अलग-अलग कमरों में मिली सातों लड़कियों और उनके साथियों को पकड़ा था। इनके साथ ही पुलिस टीम होटल मैनेजर और रिसेप्शनिस्ट को भी पकड़ थाने लेकर आई थी। मामले में पुलिस ने 7 युवतियों के साथ सोरीफुल (22) निवासी मोरीगांव असम, सोनू कुमार बैरवा (25) निवासी राजगढ़ अलवर और विवेक धाबाई (38) निवासी मंडावा झुंझुनूं को गिरफ्तार किया था।

ज्वैलर से सोने की चेन ठगी

जयपुर । वैशाली नगर थाना इलाके में ज्वेलर्स को धोखा देकर सोने की चेन ठगने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि खरीदारी के बहाने ग्राहक बनकर बदमाश खरीदारी करने शोरूम पर आया था और ज्वेलर्स को पेमेंट का फर्जी स्क्रीन शॉट दिखाकर सोने की चेन ठग ले गया।

पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी सुनील खंडेलवाल ने मामला दर्ज करवाया है कि वैशाली नगर के ई-ब्लॉक में उसका ज्वेलरी का शोरूम है। जहां शोरूम पर एक युवक ग्राहक बनकर आया और उसको सोने की चेन दिखाने को कहा। कुछ देर बाद सोने की एक चेन पसंद कर ली। सोने की चेन का पेमेंट ऑनलाइन ऐप से करने के लिए कहा। ऑनलाइन पेमेंट करने की कहकर मोबाइल में कुछ करने लगा। उसके बाद पेटीएम के जरिए पेमेंट करने का अपने मोबाइल पर दिखाया। पेमेंट करना बता कर धोखे से सोने की चेन लेकर फरार हो गया।

गणेश निमंत्रण और गज पूजन के साथ आज होगी जयपुर समारोह की शुरूआत

ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर मोती डूंगरी गणेशजी को देंगी प्रथम निमंत्रण

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । जयपुर स्थापना दिवस की 297वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सोमवार से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज होगा। सोमवार को प्रात: 10 बजे महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचकर प्रथम पूज्य भगवान गणेश को (18 नवंबर-18 दिसंबर) एक महीने तक चलने वाले कार्यक्रमों का न्यौता देगी। इसके साथ ही गज पूजा की जाएगी तथा करीब 500 से अधिक महिलाओं द्वारा महा आरती की जाएगी महा आरती में महिलाओं की वेशभूषा की थीम लाल चुंदड़ी /लाल साड़ी रखी गई है महा आरती में शहनाई वादन भी होगा। इसके साथ ही न्यू गेट, रामलीला मैदान, सांगानेरी गेट, स्टैच्यू सर्किल पर भी शहनाई वादन किया

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर

जाएगा। मोती डूंगरी गणेश मंदिर में प्रथम निमंत्रण देने के बाद गंगापोल पर विराजमान गणेश जीकी पूजा-अर्चना की जाएगी उसके बाद आराध्य देव गोविंद देवजी पहुंचकर उनकी पूजा

- **गज पूजा के साथ महिलाओं द्वारा की जाएगी महाआरती, शाम 5 बजे स्टेच्यू सर्किल पर किया जायेगा दीपदान**

अर्चना की जाएगी। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि 18 नवंबर को शाम 5 बजे से स्टैचू सर्किल पर दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी शिरकत करेंगी। महापौर ने जयपुर वासियों से अपील की है कि जयपुर स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में शामिल हों, क्योंकि यह कार्यक्रम जयपुरवासियों से जुड़ा हुआ है।

खेलकूद प्रतियोगिता का समापन आज

जयपुर । राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी खेलकूद की 29वीं प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। केन्द्रीय खेल कूद संचालन समिति संयोजक दारा सिंह और आयोजन सचिव संजय शर्मा ने बताया कि 29वीं खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न खेलों कि लीग मैचों के साथ-साथ टेबिल टेनिस एवं बास्केटवाल के फाईनल प्रतियोगिताऐं सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्यालय विजेता रहा। लम्बी कूद और ऊँची कूद एकल प्रतियोगितायें आयोजित की गई। लम्बी कूद में मुख्यालय एवं ऊँची कूद में जोन-तृतीय विजेता रहे।

आयोजन समिति संयोजक अमित अग्रवाल व राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ कुमार ने बताया कि सोमवार को इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगरीय विकास प्रमुख सचिव वैभव गालरिया होंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता आवासन आयुक्त, डॉ. रश्मि शर्मा (आई.ए.एस.) करेंगी।

सार-समाचार

पेंशनर्स के साथ स्वास्थ्य पर चर्चा

जयपुर । पेंशनर समाज उप शाखा मालवीय नगर की यहां शाखा अध्यक्ष आर.सी.कटारा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं सुविधाओं सहित स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गई। बैठक में डॉ. अखिल गुप्ता ने बताया कि यूरोलॉजिकल समस्याएं या मूत्र संबंधी रोग किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकते हैं। अगर आप स्वस्थ्य जीवनशैली का चुनाव करते हैं, तो कई बीमारियों से दूर रह सकते हैं। आपको न सिर्फ खान-पान में सुधार करना चाहिए बल्कि रोजाना एक्सरसाइज भी करनी चाहिए। कुछ बातों का ध्यान रख आप मूत्र संबंधित परेशानियों से बच सकते हैं। अगर आपको बीमारी के लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। उन्होंने पेंशनरों से इस विषय में सार्थक संवाद किया और इस रोग से बचाव के उपाय बताएं। पेंशनर समाज के उप सचिव बाबू लाल गुप्ता ने बताया कि पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र सम्बन्धी कैंप भी चेतन कुमार जैन द्वारा लगाया गया। यह चौथा कैंप था जिसमें पेंशनरों के जीवित रहने के प्रमाण पत्र अपलोड कर भेजे गए। आर के व्यास ने बताया 23 नवम्बर को पेंशनर समाज के सहयोग से कैंसर जागरूकता पर राजस्थान हॉस्पिटल मालवीय नगर में हेल्थ टॉक का आयोजन किया जायेगा जिसमें डॉ अभिषेक पारीक मुख्य वार्ताकार होंगे। बैठक में अध्यक्ष कटारा, आनंदीलाल, बाबूलाल गुप्ता, अग्रवाल समाज के जुगल किशोर आदि ने विभिन्न मनोरंजक किस्से कहानियां, चुटकले आदि सुनाये। सचिव पीडी अरोड़ा ने अगली बैठक 12 दिसंबर को आयोजित करने की जानकारी दी। इस अवसर पर समृति शेष अमरचंद जैन और मनसीलाल गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

मानक क्लबों के लिए एक्सपोजर विजिट

जयपुर । भारतीय मानक ब्यूरो, जयपुर शाखा कार्यालय द्वारा गत सप्ताह बाल दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर जिले की 21 सरकारी विद्यालयों के लिए क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र जयपुर व सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवम् टेक्नोलॉजी जयपुर में एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया। इन विजिट में 600 से अधिक मानक क्लब के सदस्य विद्यार्थियों एवम् मेंटर अध्यापकों ने भाग लिया। साइंस पार्क में विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने एस्ट्रोनॉमी गैलरी, बायोलॉजी गैलरी, फन साइंस, तारामंडल, इनोवेशन हब एवम् पार्क में स्थित डायनासोर एवम् अन्य मॉडल को देखकर विज्ञान के सिद्धांतों को समझा तथा सिपेट में भारतीय मानकों के अनुसार उत्पादों के निर्माण तथा उनकी गुणवत्ता परीक्षण को देखा एवम् समझा। गौरतलब है कि, भारतीय मानक ब्यूरो ने विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों में विद्यार्थियों में मानकों, उत्पादों एवम् सेवाओं की गुणवत्ता के प्रति जागरूकता विकसित करने तथा उनके अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करने के उद्देश्य से मानक क्लबों की स्थापना करने की पहल की थी। इस नई पहल के तहत पूरे देश में 10,000 से अधिक मानक क्लब एवम् राजस्थान में 600 से अधिक मानक क्लब स्थापित किए गए है। इन मानक क्लब के सदस्य विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से मानकों एवम् विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियां एवं एक्सपोजर विजिट आयोजित किए जा रहे है जिससे विद्यार्थी उत्साह के साथ अपने दैनिक जीवन में मानकों और विज्ञान के महत्व को समझ रहे है।

भगवान पद्मप्रभु की प्रतिमा का आगमन

जयपुर । मानसरोवर वरुण पथ स्थित दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान पद्मप्रभु की नई पद्मासन प्रतिमा का आगमन आचार्य शंशाक सागर महाराज संसंघ के सान्निध्य में हुआ। बुधवार 20 नवंबर को मंदिर में विधि विधान के साथ नई प्रतिमा प्रतिष्ठापित की जाएगी। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष एम.पी. जैन ने बताया कि मीरा मार्ग स्थित जैन मंदिर में मुनि प्रणम्य सागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में नई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। प्रतिमा का निर्माण श्रेष्ठि पूनम चंद, उमेश एवं नितेश आंधिका ने कराया है। रविवार को रथ में विराजमान कर शोभायात्रा के साथ प्रतिमा को वरुण पथ जैन मंदिर में लाया गया। अब बुधवार को विधि विधान के साथ मनिंदर में नई प्रतिमा प्रतिष्ठापित की जाएगी।

श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

जयपुर । श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में स्वामी हरि शरण महाराज 17 से 23 नवंबर तक श्रीमद् भागवत कथा सुनाएंगे। श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के प्रचार प्रसार मंत्री महेश सैनी ने बताया कि मुख्य सलाहकार ललित किशोर शर्मा और कैलाश बडाया की ओर से यह आयोजन किया गया है। भागवत कथा को लेकर श्री गोपीनाथ जी मंदिर, इंदिरा कॉलोनी से कथास्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। रविवार सुबह 11 बजे इस कलश यात्रा में 101 महिलाएं ने सिर पर मंगल कलश शामिल हुई। कलश यात्रा में राजकुमार मोदी ,रविंद्र यादव, महेंद्र खंडेलवाल, महेश सैनी, विष्णु बियानी, मनीष केडिया, विमल अग्रवाल, राजू जांगिड़, घासी शर्मा, राजेंद्र नाटाणी व अनिल नाटाणी मौजूद रहे।

10 लाख की लूट का मुख्य आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

जयपुर (कासं)। मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पृथ्वीराज नगर इस्कॉन टेंपल के पास 9 माह पहले हुई 10 लाख रुपए की लूट के मामले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लूट के बाद से फरार चल रहा था। थानाधिकारी मदन लाल कड़वासरा ने बताया कि 10 लाख रुपए की लूट के मास्टरमाइंड रवि शर्मा उर्फ भानु प्रताप को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी ने अपने 6 साथियों के साथ मिलकर लूट की वारदात की थी। गौरतलब है कि पीड़ित विहान बक्षी अल्टो गाड़ी में 2 बैग में 50 लाख रुपए लेकर जा रहा था। तभी इस्कॉन टेंपल के पास स्थित एक होटल के बाहर बाइक पर सवार आए बदमाशों ने उनके साथ मारपीट कर दी थी। इसके बाद पिस्टल दिखाकर बैग में रखे 10 लाख लूट कर भाग गए, जबकि 40 लाख रुपए से भरा हुआ बैग बच गया था। वहीं इस मामले में

- **पृथ्वीराज नगर स्थित इस्कॉन मंदिर के पास 9 माह पहले लूट की वारदात के मामले में मुहाना थाना पुलिस टीम ने कार्रवाई की**

एक आरोपी विशाल मीरचंदानी पहले गिरफ्तार हो चुका। रवि शर्मा ने झोटवाड़ा थाने के हिस्ट्रीशीटर सतेंद्र सिंह के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी। सत्येंद्र समेत अन्य बदमाश अभी फरार चल रहे हैं।

गिरफ्तारी के बाद रवि शर्मा ने खुद को राजस्थान सीएम सिक्योरिटी और एसपीजी में तैनात रहे इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा का बेटा बताकर पुलिस को धमकाया। बेटे की गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर पिता भी थाने पहुंचे। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

जयपुर लोकरंग उत्सव में दिखेगी राजस्थानी लोकगीतों और नृत्यों की मनमोहक झलक

हैरिटेज निगम की ओर से जयपुर समारोह का समापन अल्बर्ट हॉल पर आज

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। जयपुर स्थापना के 297वें वर्ष पूरे होने पर सोमवार को अल्बर्ट हॉल पर भव्य समापन समारोह जयपुर लोकरंग उत्सव का आयोज किया जाएगा। भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम अल्बर्ट हॉल के सामने सायं छह बजे से शुरू होगा। इस संबंध में हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने सभी शहरवासियों को जयपुर स्थापना की शुभकामना देते हुए कहा कि जयपुर स्थापना की 297वीं सालगिरह पर पिछले एक महीने से लगातार परंपरागत सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे है। सोमवार को शहरवासियों के लिए अल्बर्ट हॉल पर जयपुर स्थापना समारोह का समापन समारोह जयपुर लोकरंग उत्सव आयोजित किया गया

हैरिटेज मेयर कुसुम यादव

है। कार्यक्रम में 150 से ज्यादा लोक कलाकार राजस्थानी लोक गीतों और नृत्यों की शानदार प्रस्तुति देंगे। वहीं राजस्थानी कलाकारों के मध्य जयपुर स्थापना समारोह का ग्रैंड फिनाले भी आयोजित किया जाएगा। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण विश्व प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्यांगना गुलाबो सपेरा की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा सुपरस्टार गायक थानू खा भी शानदार प्रस्तुति देंगे। इस दौरान जनप्रतिनिधि और जयपुर शहर के प्रमुख गणमान्य लोगों का स्वागत सम्मान भी किया जाएगा।

महापौर कुसुम यादव ने बताया कि 18 अक्टूबर को श्री गणेश पूजन से जयपुर समारोह की शुरुआत हुई थी। पिछले एक महीने में हेरिटेज निगम ने सामाजिक समरसता रखते हुए कई भव्य कार्यक्रम आयोजिय किए। जिसमें श्याम भजन संध्या, कव्वाली कार्यक्रम, क्रिकेट प्रतियोगिता, हेरिटेज वॉक वे, अंताक्षरी कार्यक्रम, गोरबंद कार्यक्रम, राजस्थानी लोकगीत आयोजन आदि आयोजित किए गए। सभी आयोजन का मुख्य उद्देश्य राजस्थानी लोक कलाकारो को मुख्य धारा में लाकर प्रोत्साहित करना और राजस्थानी संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखना है। इन सभी कार्यक्रमों के जरिए जयपुर शहरवासियों को शहर की लोक संस्कृति, परंपरा, रीति रिवाज को पहचानने की अपील की गई। साथ ही शहर को साफ सुथरा रखने और स्वच्छता बनाने के लिए भी जागरूक किया गया। हैरिटेज महापौर कुसुम यादव का कहना है कि जयपुर स्थापना दिवस के समापन समारोह में आमजन को राजस्थानी संस्कृति और सभ्यता की छटा नजर आएगी। साथ ही इस दौरान लोक कलाकारो का सम्मान भी किया जाएगा।

चांदपोल मंदिर में श्रीराम-जानकी विवाह का उल्लास छाया

जयपुर (कासं)। श्रीरामचन्द्रजी मंदिर चांदपोल बाजार में सात दिवसीय श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव की धूम मची हुई है। रविवार को पुष्प वाटिका और गौरी पूजन प्रसंग साकार किया गया। भक्त समाज ने विशेष पद जैसे "पूजन की करके तैयारी आई सखी संग जनक लली बाग में उजियारी छायी, सखियों संग सिया जु गौरी पूजन आयी" का गान किया । इस उत्सव के समय भक्तजन भारी संख्या मे उपस्थित रहे ।

- **मंदिर में आज धनुष यज्ञ कार्यक्रम होगा, इसके लिए सोने-चांदी के गोटे से विशेष धनुष सजाया गया है।**

श्रद्धालुओं ने मंगल नेक में कन्याओं को गौरी माता की प्रसाद स्वरूप लाल चुनड़ी वितरित की। सोमवार को धनुष यज्ञ का कार्यक्रम किया जाएगा, इस प्रसंग के लिए काठ का धनुष व बाण विशेष तौर पर कराया गया है, जिसको सोने और चांदी के गोटे से सजाया गया है। यह धनुष मंदिर जगमोहन के बीचों बीच रखा

चांदपोल बाजार स्थित श्रीरामचन्द्रजी मंदिर में श्रीराम-जानकी विवाह में श्रद्धालु उमड़े।

जाएगा, जिसे ठाकुर श्रीरामजी अपने हाथों से तोड़ेंगे। इस धनुष का नाम रामायण मे शिव धनुष पिनाग बताया गया है। यह धनुष भगवान शिव ने परशुराम को दिया था, फिर परशुरामजी ने राजा जनक राज के पास रखवा दिया था। राजा जनक ने इस धनुष को सीता स्वयंवर के उपयोग में लिया । महंत नरेन्द्र तिवाड़ी ने बताया कि, जब श्रीरामजी यह धनुष तोड़ेंगे तब घंटे, घड़ियाल, नगाड़ा व शंख की गर्जना के बीच सीताजी उन्हें जय-माला पहनाएगी। इसके बाद जनकपुर से अयोध्या मंगल पत्रिका भेजी जाएगी।

विरासत को सहेजना सभी का काम : रविन्द्र भाटी

जयपुर (कासं)। बाड़मेर के शिव विधानसभा क्षेत्र से विधायक रविंद्र सिंह भाटी रविवार को आईटीसी राजपूताना में चल रही जयपुर हैरिटेज फोटो प्रदर्शनी को देखने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि विरासत को सहेजना हम सभी का काम है। साथ ही कहा कि बाड़मेर धोरों की धरती है, वहां पर आकर फोटोग्राफर्स को फोटो क्लिक कर वहां की विरासत को अपने कैमरों में कैद करना चाहिए, ताकि पूरी देश-दुनिया बाड़मेर से रूबरू हो सके।

दरअसल, जयपुर हैरिटेज फोटो एग्जिबिशन के तीसरे सीजन का होटल आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलेरी में दो दिन पहले आगाज हुआ था। यह प्रदर्शनी 23 नवंबर तक चलेगी। रविवार को अवकाश के दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचें और उन्होंने जयपुर की विरासत को देखा। इस एग्जिबिशन में पुराने और नए जयपुर की तस्वीरें दिखाई जा रही हे। जयपुर के विंटेज तस्वीरों में पहली बार मोती डूंगरी गणेश मंदिर का पुराना स्वरूप, खोले के हनुमानजी, गोविंद देव मंदिर, ताड़केश्वर मंदिर, जयपुर शहर की पुरानी चौपड़ का स्वरूप देखकर लोग अभिभूत हो रहे हैं। कार्यक्रम की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि इस एग्जीबिशन का उद्देश्य जयपुर स्थापना दिवस पर जयपुर की संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाना है। एग्जिबिशन में पर्यटन विभाग के उप निदेशक दलीप सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

ट्रेलर की टक्कर से स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत

ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में घाट की गुणी स्थित भारत पेट्रोल पंप के सामने हुआ हादसा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में स्थित घाट की गुणी भारत पेट्रोल पम्प के सामने एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं इस हादसे के बाद चालक ट्रेलर छोड़कर भाग निकला। इस मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पूर्व कर रही है।

पुलिस के अनुसार शर्मा कॉलोनी राजेश कोच के सामने आगरा रोड निवासी गोपाल लाल शर्मा किसी काम से जयपुर आए थे। जयपुर से वापस घर लौटने के दौरान शनिवार रात को घाट की गुणी भारत पेट्रोल पंप के सामने एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसकी उपचार के दौरान देर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रेलर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। साथ ही रविवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया।

- **टक्कर मारने के बाद चालक ट्रेलर छोड़कर भाग निकला**

बस का इंतजार कर रही वृद्धा को रोडवेज ने कुचला

वहीं दूसरी ओर सिंधी कैम्प बस स्टैंड पर एक रोडवेज बस ने बस का इंतजार कर रही बुजुर्ग महिला को कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गई। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पश्चिम कर रही है।

पुलिस के अनुसार हथौडी मुंडावर अलवर निवासी 72 वर्षीय गुड्डी देवी पत्नी इंद्र रविवार शाम को सिंधी कैंप बस स्टेंड पर बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान टोंक आगार की बस ने उसे कुचल दिया।

घटना शाम करीब चार बजे की है। हादसे में घायल बुजुर्ग महिला को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने बस को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है।

200 फीट बाइपास पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से राहगीर की मौत

जयपुर । शहर में अजमेर रोड स्थित 200 फीट बाइपास पर शनिवार को तेज रफ्तार कार ने राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में राहगीर की मौत हो गई। मृतक जौमेटो में डिलीवरी बॉय का काम करता था। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस दक्षिण कर रही है। हिट एण्ड रन मामले में पुलिस कार व उसके चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार करौली निवासी 24 वर्षीय सूरज कैरवाल जोमेटों में डिलीवरी बॉय के रुप में काम करता था। शनिवार दोपहर करीब पौने चार बजे वह बाइक लेकर 200 फीट बाइपास होटल हाइवे किंग के पास गया था। बाइक को साइड में खड़ी कर वह सड़क क्रास कर डिलीवरी देने जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी।

इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

ऑनलाइन गेमिंग की लत के चलते युवक ने घर छोड़ा

जयपुर (कासं)। मोतीडूंगरी इलाके में ऑनलाइन गेमिंग की लत के चलते एक युवक घर छोड़कर भाग निकला। गेमिंग की लत के चलते समझाने के लिए मां अक्सर डांटा करती थी। पीड़ित मां ने घर छोड़कर भागे बेटे की गुमशुदगी दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि मोतीडूंगरी के मीणा कॉलोनी निवासी महिला ने 25 वर्षीय बेटे की गुमशुदगी दर्ज करवाई है कि उनकी बहू अपने पीहर में शादी समरोह में शामिल होने गई थी। घर पर मां-बेटा ही मौजूद थे। बेटे को ऑनलाइन गेमिंग की बुरी आदत थी। ऑनलाइन गेमिंग की लत को छोड़ने के लिए कई बार समझाया। इस बात को लेकर उसे कई बार समझाते थे,वो नहीं मानता था। ऑनलाइन गेम खेलने छोड़ने को लेकर समझाने के लिए अक्सर डांटा करती थी। रात के समय बेटे के मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल पर 20-25 मिनट बात करते रहा, उसके बाद चुपचाप घर छोड़कर चला गया। बेटे के वापस घर नहीं लौटने पर कॉन्टैक्ट का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल नंबर स्विच ऑफ आ रहा है।